हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 वार्षिकोत्सव में शामिल हुए नपा अध्यक्ष


12 माताओं को शासन की समस्त योजनाओं ...




## खबर संक्षेप

### मोपका में मड़ई मेला आज

**भाटापारा।** ग्राम मोपका में 5 फरवरी को मड़ई मेले का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर का कार्यक्रम होगा। इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर की स्थापना दिवस पर मड़ई मेले का आयोजन होगा।

### मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल कला में मारपीट के एक मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सिरजौतिन बारले ने बताया कि 2 फरवरी की शाम करीबन 07 बजे वह अपने घर में थी, तभी गांव का महाजन सोनवानी उसके घर के सामने आकर नाती हर्षवर्धन को बाहर निकलने कह रहा था। साथ ही सायकल को नुकसान पहुंचाने का बात कहकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसके नाती हर्षवर्धन ने मना किया तब आरोपी ने महाजन सोनवानी डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले आरोपियों की विरूद्ध एफआईआर के बाद जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को कोसरंगी के कृषलाल साहू ने थाने आकर सूचित किया कि उसके चाचा का लड़का वाकेश साहू पिता भरत साहू 3 फरवरी की रात खाना खाकर टहलने निकला था, लेकिन वह रात में वापस नहीं आया और 4 जनवरी की सुबह पता चला कि वाकेश साहू का शव गांव के नकुल साहू के घर के सामने पड़ा हुआ है, जिसके सिर में गंभीर चोंट है, खून निकला हुआ था। साथ ही आसपास खून लगे ईंट के टुकडे. दिखाई दे रहे हैं। प्रार्थी ने घटना क संबंध में पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही नकुल साहू पिता केशव साहू पर इस घटना के लिये संदेह व्यक्त करते हुए थाना महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी नकुल साहू से पूछताछ की गई। साथ ही घटना के विभिन्न पहलुओं एवं पुरानी रंजिश को लेकर जांच की जा रही है।

# पनगांव में फाइलेरिया के विरुद्ध महिलाओं ने छेड़ी मुहिम

## 10 रैली और दीवार लेखन के जरिए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्रामीण अंचलों में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन हेतु घर -घर दस्तक अभियान अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम पंचायत पनगांव में ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा एक विशेष बैठक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना और आगामी निवारण अभियान के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डीएमसी रजनीकांत रत्नाकर ने समूह की महिलाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से संक्रमित मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों पर नियंत्रण और मच्छरदानी का नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सभी को अवगत कराया कि आगामी 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया निवारण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षात्मक दवा का सेवन करना अनिवार्य है।जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष प्रयास की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने भी 10 फरवरी से शुरू होने वाले दवा वितरण अभियान में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।



### महिला समूहों ने निकाली रैली

इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पनगांव की महिला समूहों ने न केवल रैली निकालकर गांव की गलियों में जागरूकता फैलाई, बल्कि दीवार नारा लेखन (वाल राइटिंग) के माध्यम से भी फाइलेरिया मुक्त पंचायत का संदेश दिया। महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन के फायदे बताएंगी, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रहे।

## सामूहिक दवा सेवन की सूक्ष्म कार्ययोजना बना कर कार्य करने के निर्देश

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का मूल्यांकन एवं समीक्षा तथा सुधार हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने कैंसर स्क्रीनिंग मलेरिया, कुष्ठ टीबी, प्रसव, टीकाकरण, जैसे जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रगति का आकंड़ों के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने ओरल कैंसर स्क्रीनिंग बढ़ाने और समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने के लिए योजना बनाने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण में खाद्य विभाग से समन्वय बना कर हितग्राहियों के रिकॉर्ड का मिलान कर उसकी समीक्षा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष के तहत कुल 22 कार्य स्वीकृत किये गए, जिसमें से 19 निर्माण कार्य और 3 उपकरणों की खरीद शामिल हैं। इसमें लवन में डीजल जनरेटर, जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन एवं ब्लड कंपोनेंट प्रिपरेशन सम्मिलित हैं। कलेक्टर ने कसडोल के अर्जुनी ब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में दिए निर्देश अनुसार कार्य न किये जाने पर जिम्मेदार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने 10 फरवरी से शुरू हो रहे फाइलेरिया रोग के नियंत्रण हेतु सामूहिक दवा सेवन गतिविधि हेतु सुपरवाइजर की टीम गठन एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर सहित उक्त दोनों की तत्काल ट्रेनिंग पूरी करने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर जिम्मेदार के ऊपर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। उक्त गतिविधि के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने विकासखंडवार सूक्ष्म कार्य योजना सभी बीएमओ को बनाकर देने, साथ ही दवाइयों की उपलब्धता एवं पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को भी कहा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ.अशोक वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा सहित सभी खंड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# हाजी मेडिकल स्टोर्स में लाखों की चोरी, छत के रास्ते घुसे चोरों ने पार किए 90 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर के व्यस्ततम इलाके जय स्तंभ चौक पर स्थित एक मेडिकल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर गल्ले में रखे नब्बे हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी लखेश केंवट ने जानकारी दी कि मोहम्मद स्वरूप मेमन ने 1 फरवरी को सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका जय स्तंभ चौक के पास हाजी मेडिकल स्टोर्स है, जहां दो दिन का दवाई बिक्री रकम 90 हजार रुपये काउंटर में रखकर 31 जनवरी की रात्रि नौ बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह जब दुकान को खोलकर अंदर जाकर देखा तो मेरे द्वारा गल्ले में रखे नगदी पांच-पांच सौ के 180 नग नोट गल्ले में नहीं थे। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में दुकान के पीछे छत के ऊपर से अंदर प्रवेश कर दुकान के गल्ले में रखे 90 हजार रुपये को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर खिलाफ धारा 331 (4) 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### छूटे किसानों का 5 और 6 फरवरी को खरीदा जाएगा धान

**बलौदाबाजार।** पंजीकृत किसान जिन्होंने टोकन कटने के बाद भी समर्थन मूल्य में धान नहीं बेच पाया था, उन किसानों का धान अब 5 एवं 6 फरवरी को खरीदा जाएगा। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने बुधवार को इस सम्बन्ध में वीडियो कंन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये। खाद्य सचिव ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी के बाद टोकन हेतु आवेदन किया गया, किन्तु सत्यापन नहीं हो पाया। दूसरे ऐसे किसान 10 जनवरी के बाद आवेदन किया आउट भौतिक सत्यापन के बाद धान उपलब्ध होने के बावजूद भी धान नहीं बेच पाए। 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन कटने के बाद भी धान नहीं बेच पाए वे किसान 5 एवं 6 फरवरी को धान बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि त्रुटिपूर्ण भौतिक सत्यापन की सुधार राज्य स्तर से किया जायेगा। पूर्व के टोकन में आंशिक रूप से धान बेचने वाले किसानों को पुनः टोकन जारी नहीं किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने सम्बधित अधिकारियों को निर्देशानुसार 5 एवं 6 फरवरी को जिले के छूटे किसानों से धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये।

# 23 फरवरी को रायपुर में मनायी जायेगी संत गाडगे बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

■ मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह



स्वच्छता के जनक महान समाज सुधारक धोबी समाज के इष्ट देव राष्ट्र संत संत गाडगे बाबा का जन्मोत्सव निर्मल दिवस एवं भव्य मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को सुबह 9 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जी ई रोड रायपुर में रखा गया है। इसके संयोजक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक है। 150वीं गाडगे जन्मोत्सव एवं भव्य मड़ई मेला कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने प्रदेश में पांचों संभाग के सामाजिक पदाधिकारियों एवं समाज के लोग जुटे हुए हैं। 23 फरवरी को गाडगे बाबा जन्मोत्सव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ अतिथियों, बुजुर्गों एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, ▶▶ शेष पेज 11 पर

# बलौदाबाजार शहर में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ बलौदाबाजार भाटापारा एवं सिमगा में लगाया गया है मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ



जिला पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने गातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में एक मजबूत एवं सर्व सुविधा युक्त मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ की सौगात यातायात पुलिस को प्रदान की गई है। बुधवार को को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील द्वारा नगर के अंबेडकर चौक में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया। वर्तमान में जिले के बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ लगाया गया है।

इस ट्रैफिक बूथ में ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस अधिकारी कर्मचारी की सुविधा के लिए फैन एवं यातायात व्यवस्था को निर्देशित करने पीए सिस्टम लगाया गया है। साथ ही इस बूथ में लगे जनरेटर के माध्यम रात्रि में भी बूथ में प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

संपूर्ण बूथ का निर्माण बहुत ही मजबूत संरचना के माध्यम से किया गया है। इस मॉडर्न ट्रैफिक बूथ के अंदर दो पुलिसकर्मी एक साथ उपस्थित रहकर व्यक्ति चौक-चौराहों में भी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित कर सकेंगे।

## बलौदाबाजार, भाटापारा एवं कसडोल में शिविर लगाकर 1173 ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गए

# यातायात नियम के प्रति जागरूक हुए जिले के वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ जिले में माह भर चले सड़क सुरक्षा माह का समापन




जिला मुख्यालय में बुधवार को दोपहर 1 बजे पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मुख्य आतिथ्य में जिले में आयोजित सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला यातायात पुलिस द्वारा जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उपनिरी प्रियेश जान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्पलेट, लाउडस्पीकर एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाइश दी।

समापन कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले एवं यातायात सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आयोजित पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों, बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों में घटित सड़क दुर्घटनाओं में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले एवं घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन ऑटो चालक अमित गर्ग एवं नीरज बंजारे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान में अपना अमूल्य सहयोग देने वाले कोऑर्डिनेटर शशि सिंह पैकरा, हिमांशु तिवारी, भूपेंद्र साहू एवं अक्षय कुमार टंडन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार द्वारा आभार प्रदर्शन कर, कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथि गणों, पत्रकार बंधुओं, स्कूली बच्चों आदि का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### निःशुल्क हेलमेट का भी वितरण किया गया

यातायात जागरूकता के इस संपूर्ण अभियान में पुलिस टीम द्वारा शहर/ग्रामों के विभिन्न चौक-चौराहों में वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में तैयार पाम्पलेट का वितरण कर यातायात नियमों का पालन एवं सड़क परिवहन के दौरान हमेशा सजगता बरतने हेतु समझाइश दी गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक समझाइश देते हुए निःशुल्क हेलमेट का भी वितरण किया गया। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन को अत्यंत आवश्यक बताया, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालने की अपील की, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी लोक संस्कृति की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सागर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव सुरसंध्या का आयोजन उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सव बना। विद्यालय परिसर उत्सव वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे थीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ओंकार जायसवाल, मांडवी जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन एवं आशीष भट्ट उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने राज्यगीत अरपा पैरी के धार और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

सांस्कृतिक संध्या में सुआ, कर्मा, पंथी नृत्य, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हरिभूमि अखबार के पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया। 45 घरों में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पाठकों के लिए नए वर्ष का कैलेंडर वितरित करते हुए बताया कि रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर, दिल्ली और रोहतक जैसे प्रमुख संस्करणों के पाठकों तक पहुंचाया गया है।

### कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच कांग्रेस जन पहुंचे। कांग्रेस जनों ने ग्रामीणों को भाजपा की मोदी सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक मनरेगा को खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों को बताया। वीबी जीरामजी योजना में पहले मनरेगा में 100 दिन की रोजगार की गारंटी थी। अब रोजगार मिलेगा या नहीं इसकी ही गारंटी नहीं है। पहले काम का अधिकार हर गरीब परिवार को मिलता था। लेकिन अब गांवों में कहा काम देना है और किस ग्राम को काम नहीं देना है सब केंद्र सरकार तय करेगी। पहले मनरेगा का पूरा पैसा केंद्र से आता था, अब 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य पर निर्भरता डाल दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयोजक रमन सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर सहित सैकड़ों कांग्रेसी व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**सुविधा : विधायक द्वारिकाधीश यादव ने स्वीकृत किए पांच लाख रुपए**

# कोमाखान में 5 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

■ सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से ग्राम पंचायत कोमाखान को विकास की एक नई सौगात मिली है। विधायक मद से स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से यहां 'सार्वजनिक सामुदायिक भवन' का निर्माण किया जाएगा। जिसका विधिवत भूमिपूजन पंचायत प्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की मौजूदगी में संपन्न हुआ।



विधायक मद से क्षेत्र को मिली सुविधा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा स्वीकृत इस राशि से बनने वाला यह भवन ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। विधायक की व्यस्तता के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनकी अनुशंसा पर स्वीकृत इस कार्य का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं कांग्रेस जनों ने किया पूजन भूमि पूजन का यह कार्यक्रम सरपंच जवा बाई कुमार ठाकुर की अध्यक्षता और उप-सरपंच हिरेंद्र उपाध्याय की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रदीप यादव, गोलू जैन, नरेंद्र जैन, वाजिद खान, समीर खान, शशांक, राहुल, कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

#### पंचों की रही गौरवमयी उपस्थिति

इस अवसर पर पंचायत के सभी निर्वाचित पंचगण भी एकजुट नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंच उमा सोनी, दैवज्ञा चंद्राकर, मनोज चौधरी, ओंकार ठाकुर, नाजरा खान, ज्योति ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर सहित अन्य पंच मौजूद थे।

#### विकास को मिलेगी गति

जिला कलेक्टर महासमुंद की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद अब इस कार्य को गति दी जा रही है। इस भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान प्राप्त होगा, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी।

# झलप में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम झलप के टिकरापारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भगवान बजरंगबली व ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही प्रथम मैच के प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



सर्वप्रथम कबड्डी प्रतियोगिता स्थल पर युवाओं द्वारा साहू का भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ किया।

नपाध्यक्ष ने ग्रामीणों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता को जीवंत बनाए रखने में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की भूमिका सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं की एकता व उत्साह देखने को मिलता है। गांव के बुजुर्ग का आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही ऐसे आयोजन उत्साह पूर्ण सफल होते हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में गांव वालों के हर सुख दुख में साथ खड़े रहने की बात कही।

इस अवसर पर प्रमुख सरपंच राकेश साहू, अतुल गुप्ता, मैंडी साहू, गज्जू ध्रुव, बरियाम यादव, सोनू यादव, कमलेश पटेल, चार्ली पटेल, आर्यन सिन्हा, भागवत यादव, आशीष देवांगन, दुर्गेश यादव, टिकेश्वर पटेल, तोष कुमार यादव, नरेंद्र ध्रुव, चुन्नी लाल साहू, श्रवण चक्रधारी, भोला नंद, पूनम पटेल, मिलाप पटेल, टीकू यादव, संजू निषाद, दिग्गी ध्रुव, केशव पटेल, जितेंद्र ध्रुव, जगदेव ध्रुव, लिलेश ध्रुव, गोकुल ध्रुव, विकास देवांगन सहित बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बसना में आज होगा जूनियर चैंबर इंटरनेशनल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

स्थानीय युवाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से 5 फरवरी को बसना में जूनियर चैंबर इंटरनेशनल की नई इकाई का शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को लेकर युवाओं ने एक रणनीतिक बैठक आयोजित की, जिसमें संगठन की रूपरेखा और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए डायरेक्टर सुमित अग्रवाल ने जेसीआई की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह महज एक संस्था नहीं, बल्कि 18 से 40 वर्ष के युवाओं के लिए एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो उन्हें नेतृत्व कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है।

आगामी 5 फरवरी को होने वाले इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगी। संगठन के उद्देश्यों को साझा करते हुए कामेश बंजारा ने बताया कि जेसीआई युवाओं को एक ऐसा मंच देता है जहां वे विभिन्न संस्कृतियों के साथ जुड़कर आपसी समझ विकसित कर सकते हैं।

बैठक में सुमित अग्रवाल और कामेश बंजारा के साथ आकाश सिन्हा, विकास वाधवा, मोहित पटेल, सोनू छाबड़ा, शीत गुप्ता, नरेंद्र राज, भावेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, राकेश डडसेना, बसंत पटेल, निर्मल दास, आनंद मित्तल, हेमंत अग्रवाल, हरजिंदर सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, आशीष साहू, त्रिलोचन भोई, सोहन पटेल, संजय टायल और मुकेश दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी ओलंपियाड में प्रतिभा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड की परीक्षा प्रतिभा पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगी परीक्षा में विद्यालय के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कक्षा स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर चयनित विद्यार्थियों को संस्था के द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण बना।



विद्यालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान इन मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य नरहरि पटनायक के कर-कमलों से स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा द्वितीय से ओनीर अग्रवाल, कक्षा चतुर्थ से तनय अग्रवाल, कक्षा पंचम से आर्यन देवांगन, कक्षा सप्तम से अक्षिता अग्रवाल तथा कक्षा अष्टम से स्पर्श नायक शामिल हैं।

इन विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा ज्ञान, समझ एवं विश्लेषण क्षमता के आधार पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से विज्ञान शिक्षक एवं ओलंपियाड शाला समन्वयक नीलम पाणिग्रही के कुशल निर्देशन एवं अथक प्रयासों से विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षाओं में निरंतर भाग ले रहे हैं तथा जोनल, प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं।

## महासमुंद की जीवनदायिनी सितली नाला को पुनर्जीवित करने हेतु अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान ने पकड़ी रफ्तार



**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद एवं सहयोगी संस्था बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित अविरल सितली–निर्मल सितली अभियान वर्तमान में अपनी पूरी गति के साथ प्रगति पथ पर है। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही और सचिव मोहन साहू सहित सदस्यों ने इस पुनीत कार्य को शहर की गरिमा और भविष्य के जल संकट के निवारण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है। नागरिकों से आग्रह किया है कि वे न केवल शारीरिक रूप से श्रमदान करें, बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान कर इस जन–हितैषी संकल्प को सिद्ध करने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

### मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत, धान खरीदी की तिथि बढ़ने से किसानों को मिली बड़ी राहत : डॉ चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से उन किसानों को बड़ी राहत मिलेगी जो तकनीकी या अन्य कारणों से अपना धान अब तक नहीं बेच पाए थे। बता दें कि हाल ही में सिरपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री के साथ डॉ चोपड़ा ने चर्चा के दौरान धान खरीदी की तिथि बढ़ाने का विषय प्रमुखता से उठाया था। जिसपर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए धान खरीदी हेतु दो दिनों की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय दर्शाता है कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। डॉ. चोपड़ा ने प्रशासन और सहकारी समितियों को सचेत करते हुए कहा कि बढ़ी हुई अवधि के दौरान सोसायटियों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इस छूट का पूरा लाभ वास्तविक किसानों को ही मिलना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी किसानों, मजदूरों और गरीबों की समस्याओं को उचित मंच और माध्यम से सरकार के समक्ष रखते रहेंगे। हमारा लक्ष्य हर गरीब और किसान की समस्या को सरकार के समक्ष रखना है और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए हम सदैव तत्पर हैं।



# रजत जयंती समारोह में छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पिथौरा के कार्यपालन अभियंता बी दीवान के मार्गदर्शन में पीएम स्वामी आत्मानंद रणजीत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 03 फरवरी को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं चित्रकला चार विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को मोमेंटो




एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। रजत महोत्सव के अवसर पर सहायक अभियंता पिथौरा गजभिए द्वारा विद्यार्थियों को सीएसपीडीसीएल के 25 वर्षों की उपलब्धियों, प्रगति एवं विकास यात्रा से अवगत कराया गया, जिसे बच्चों ने विशेष रुचि के साथ सुना। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, शिक्षकगण एमके भोई, आरके होता, एस चंद्राकर (व्याख्याता) सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कार्यपालन अभियंता बी. दीवान द्वारा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय पटेल कार्यालयीन स्टाफ द्वारा किया गया।

### वेडनर स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ आशीर्वाद समारोह

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह.फादर जार्ज कवालम एवं शाला के प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आशीर्वचन देते हुए कहा कि स्कूल बच्चों को जीवन के मूल सिद्धांत प्रदान करता है प्राचार्य ने भी अपने आशीष वचनों में कहा कि जीवन एक चुनौती है उस चुनौती का सामना करके ही आगे बढ़ सकते है, सुख-दुख दोनों परिस्थितियों में सामान्य रहकर आगे बढ़ना है। चुनौती जीवन की सफलता का मूलमंत्र है। वरिष्ठ शिक्षिका मिताली जैन एवं प्रदीप्ति चांडक ने भी जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने की कामना करते हुए हमेशा आगे रहने की बात कही।इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य एवं कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शिक्षिका प्रवीणा यादव के द्वारा प्रस्तुत की गई प्रेरणादायक कविता ने बच्चों का स्कूल में बीता हुआ पल, शिक्षकों के साथ भावनात्मक संबंध एवं मार्मिक भावों को मुखरित कर दिए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्नेहिल उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनप्रीत कौर, प्रज्ञा अग्रवाल, श्रेया शुक्ला एवं सिद्ध दीवान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान था।

# नपा उपाध्यक्ष राठी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में विभिन्न वार्डों के नागरिक पालिका से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नागरिकों की बातें गंभीरता से सुनीं और समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु संबंधित विभागों के प्रभारियों को मौके पर बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जनता की सबसे बड़ी परेशानी नल शुल्क एवं नल विच्छेद से संबंधित सामने आई। नागरिकों ने बताया कि नल कनेक्शन कटवाने का 500 रुपए जमा करने के बावजूद पालिका द्वारा पानी का



बकाया राशि के नोटिस थमाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

उपाध्यक्ष राठी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नल विच्छेदन शुल्क जमा होने के बाद भी पालिका द्वारा नल नहीं काटा गया है, तो इसकी जिम्मेदारी हितग्राही की नहीं बल्कि नगर पालिका की है। ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं को बकाया राशि का नोटिस देना गलत है।

# पढ़ाई के साथ खेलों में संतुलन आवश्यक : डॉ. अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड

शासकीय आदर्श महाविद्यालय अरंड (पिथौरा–लोहारकोट) में 29 एवं 30 जनवरी को प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का सशक्त मंच बना, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग एवं खेल भावना को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया।



उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास भी है। खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता एवं समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन एवं कबड्डी जैसी विविध खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सहभागिता ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीवर्ग एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गीतेश पटेल द्वारा दी गई।

# पटेवा संकुल स्तरीय वार्षिक खेलकूद का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत संकुल स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम रामसागरपारा भावा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तेजराम यादव, नंदलाल यादव, अमारु यादव एवं पंचगणों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। संकुल समन्वयक राजू देवांगन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक एवं निजी संस्थानों सहित कुल 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल गतिविधियों का सफल संचालन राजू देवांगन एवं मेमन चंद्राकर द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे दिन खेल मैदान में जोश, उमंग और ऊर्जा का माहौल बना रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच आशाबाई ठाकुर एवं संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ और मन मजबूत होता है, तथा ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में संकुल पटेवा के समस्त शिक्षकों के साथ-साथ गांव के युवा साथियों सुरेश निषाद, दिनेश यादव, रामशरण, महेश ध्रुव, वीरेंद्र ठाकुर, मेलाप निषाद, दिलीप यादव, ललित ध्रुव, राधा ध्रुव, खेमिन, ओमप्रकाश यादव, मोहन यादव, कमल यादव एवं उमाशंकर का सराहनीय योगदान रहा। समापन अवसर पर संकुल समन्वयक राजू देवांगन ने अतिथियों, शिक्षकों, ग्रामीणजनों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मीत ब्रदर्स की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ सिरपुर महोत्सव का भव्य समापन

**महासमुंद।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य एवं यादगार समापन प्रसिद्ध म्यूजिक डायरेक्टर एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मीत ब्रदर्स, मुंबई की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। अंतिम दिवस की रात्रि मीत ब्रदर्स मनमीत सिंह-हरमीत सिंह एवं खुशबू ग्रेवाल ने अपने सुपरहिट और भावनात्मक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बेबी डॉल, चिट्टियां कलाइयां, मैं तेरा बॉयफ्रेंड", "आ तो सही", जैसे लोकप्रिय गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। उनकी सुमधुर आवाज़ और ऊर्जावान प्रस्तुति ने समापन समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। मीत ब्रदर्स की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने संगीत की इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लिया। इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन हुआ। कुमारी आसना द्वारा भावपूर्ण कत्थक, आंचल पांडेय की मनमोहक ओडिसी प्रस्तुति, बिहान लोक कला मंच द्वारा ऊर्जावान पंथी नृत्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पारंपरिक बस्तरिहा नृत्य, नानगांव बोहधन एवं साध्वी सेवा मगरपाली द्वारा प्रस्तुत डंडा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोक कला मंच कन्हारपुरी की सोलह सिंगार प्रस्तुति, किशोर हंपीहोली का प्रभावशाली प्रदर्शन, स्वर संगम सांस्कृतिक मंच नागपुर द्वारा प्रस्तुत आम्रपाली नृत्य नाटक प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### कालेज में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 6 से

**कुरुद।** कुरूद महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। परीक्षाएं 6 से 18 फरवरी तक होंगी। 6 फरवरी को केमेस्ट्री द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 8 बजे, 17 फरवरी को जुलाजी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 9 बजे तथा 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगी।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**कुरुद।** कुरूद कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बीए और बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 18 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे होगी। इसमें बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष केवल गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व छात्र, बीए बीएससी तृतीय वर्ष के नियमित, गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व सभी छात्र शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड पर भूगोल विभाग के प्राध्यापकों से 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करवा लें। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व अपनी प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री के साथ विभाग में उपस्थित होना होगा।

### पीएम अजय के लिए शिविर 10 से 25 तक

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण राशि 1 लाख रूपये, जिसमें अनुदान राशि 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि योजना में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार करने 10 से 25 फरवरी तक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाएगा। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दूधवारा में 10 फरवरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोड़ापार में 13 फरवरी, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 18 फरवरी और कुरूद विकासखण्ड के रावनगुड़ा में 25 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह सभी शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

### आज से सिर्री में मानस सम्मेलन

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छग राज्य स्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन एवं यज्ञ का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक रखा गया है जिसमें छग की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

## पेज 9 के शेष

### 23 फरवरी को ...

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरेंद्र मिश्रा, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, रायपुर महापौर मीनल चौबे एवं बजरंग रजक बिलासपुर होंगे।

### वार्षिकोत्सव पर...

ददरिया गीत सहित लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मेधावी और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संपूर्ण आयोजन सफल और प्रेरणादायी रहा।

# किसानों के हित में अतिरिक्त दो दिवस, आज और कल होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसी तारतम्य में जिले में 5 और 6 फरवरी को किसानों के धान खरीदे जाएंगे। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ऐसे किसान, जिनके द्वारा टोकन हेतु आवेदन किया गया, किंतु धान का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिन्होंने टोकन हेतु आवेदन किया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है, तथा जिनका टोकन नहीं कटा। ऐसे किसान जिन्हें 28, 29, 30 जनवरी 2026 के लिए टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे।

कलेक्टर विनय लंगेह ने खाद्य विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन तीनों प्रकार के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

इसके अलावा सभी नोडल अधिकारियों, उड़न दस्ता दलों को 5 फरवरी और 6 फरवरी को फील्ड में रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशानुरूप इन तीनों प्रकार के किसानों का धान खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा।

## कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए निर्देश

### धान खरीदी में आ रही समस्याओं से सांसद को अवगत कराया गया




भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर द्वारा सांसद रूप कुमारी चौधरी को धान खरीदी में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर सांसद ने तत्काल संज्ञान लेकर जिला कलेक्टर से जानकारी लेने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री से उक्त समस्या के बारे में चर्चा की। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार ने किसानों के समस्या का निराकरण करते हुए धान खरीदी 5 और 6 फरवरी को खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया।

### धान खरीदी तिथि बढ़ाकर सरकार ने दी संवेदनशीलता का परिचयः देवेंद्र



भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में इस वर्ष धान खरीदी हेतु जिले में 1,60,118 किसान पंजीकृत थे, जिनमें से 1,48,418 किसान (92.69 प्रतिशत) ने खरीदी अवधि के दौरान अपना धान विक्रय किया। इनमें से लगभग 12 हजार किसान किसी कारणवश जिले में धान नहीं बेच पाए थे। जिसके लिए सांसद रुपकुमारी चौधरी, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने शासन का ध्यानाकृष्ट कराया।

## छात्रों के लिए आयोजित की गई निबंध लेखन, चित्रकला, नारा लेखन, क्विज प्रतियोगिता

# भाटापारा में संभाग स्तरीय स्टेट पावर कंपनी ने मनाया रजत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




शासकीय गजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन चित्रकला, नारा लेखन, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन ऊर्जा विभाग द्वारा किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपी अनंत अधीक्षण अभियंता बलौदाबाजार द्वारा की गई एवं भाटापारा संभाग के कार्यपालन अभियंता व्हीके राठिया, सहायक अभियंता वासुदेव साहू, संजय बिहारी अग्रवाल अनुभाग अधिकारी, दिनेश कुमार वर्मा निज सहायक एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अशोक वर्मा प्राचार्य एवं सहयोगी के रूप में राजन तिवारी, इंद्राणी मरकाम कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के व्याख्यातागण उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में ऊर्जा की विकास गाथा को बताया गया एवं छत्तीसगढ़ में ऊर्जा की संभावनाओं संरक्षण एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। निबंध, चित्रकला, नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए विकास की परख ली गई, जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# व्याख्याता हरीश देवांगन को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेल्दार सिवनी में व्याख्याता हरीश देवांगन के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बेल्दार सिवनी संकुल के समस्त संस्था प्रमुख, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य ईशा रानी खलखो सहित विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन एवं उनकी धर्मपत्नी इंदु देवांगन को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने भी सम्मान प्रकट करते हुए उनके योगदान की सराहना की। विद्यार्थियों ने भी अपने प्रिय गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हरीश देवांगन अनुशासनप्रिय, समयनिष्ठ एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित शिक्षक रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने अनेक छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्वयं हरीश देवांगन ने अपने चालीस वर्षों के शिक्षकीय अनुभव साझा करते हुए शिक्षा के प्रति अपने समर्पण को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा विद्यार्थियों को कॉपी व कलम वितरित की गई। समारोह में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए नपा अध्यक्ष

**भाटापारा।** लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित प्राथमिक शाला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीत, नृत्य, नाट्य एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, सतत परिश्रम तथा अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यही समन्वय विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है। इस अवसर पर सभापति कुंजराम कोशले,पार्षद बंटी टंडन पार्षद प्रतिनिधि संजय बंजारे कीर्तन जायसवाल माखन महिलांगे पुरषोत्तम महिलांगे विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन बी आर सी दुर्गेश शर्मा समन्वयक मुकेश देवांगन एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकायें एवं पालकगण वार्डवासी मौजूद थे।



# विवेक देवांगन मिली डॉक्टोरेट की उपाधि



**गिधौरी।** दिल्ली में आयोजित समारोह में समाज सेवा जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों में निरंतर योगदान के लिए विवेक देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उनके लंबे समय से जारी सामाजिक कार्यों और जनहित की प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबल प्रताप जूदेव उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद विवेक देवांगन ने कहा कि यह उपाधि उनके सेवा संकल्प को और दृढ़ करती है तथा समाज हित में कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने सभी शुभचिंतकों, समर्थकों और मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिवरतन को पश्चिम बंगाल चुनाव की दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को पूर्व बर्धमान जिला (23वां) के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी दी है और वे पश्चिम बंगाल में 27 जनवरी से लगातार जिले के विधानसभाओं के दौरे में हैं। पूर्व बर्धमान में 9 विधानसभा सीटें आती हैं, जहां भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ सतत बैठक कर चुनावी चर्चा में सहभागिता कर रणनीति तय कर रहे हैं।

इस जिम्मेदारी के लिए शिवरतन शर्मा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि इससे पूर्व में भी कई राज्यों के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया, लगातार क्षेत्र में दौरा कर जनता से मिले, भाजपा की नीतियों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कार्यों, जनहित की योजनाओं एवं भाजपा के विकासवाद का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुझे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रभारी के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। पार्टी द्वारा जिस विश्वास से मुझे यह दायित्व सौंपा गया है उसके प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से

# गांजा तस्करी के दो मामलों में एक महिला समेत पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ बागबाहरा और कोमाखान पुलिस ने 17 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया

जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी के दो मामलों में एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के साथ बागबाहरा व कोमाखान पुलिस ने की है। आरोपियों के कब्जे से 17 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई के तहत जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दरमियान पुलिस को सूचना मिली कि तीन लोग नीले रंग के एक्सेस स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एक्सबी 0490 में सवार ओडिशा राज्य की ओर से गांजा लेकर जा रहे है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अनिश डागौर पिता हरिप्रसाद डागौर (26 साल) निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर(मध्यप्रदेश), निहाल पिता मोहम्मद अनवाल (28 साल), निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश), हिमांशु बेन पिता रामचरण बेल (24 साल) निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर(मध्यप्रदेश) होना बताया। आरोपियों की तलाशी के दौरान 5.265 किलो ग्राम गांजा कीमत 263250 रुपये एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहन एक एक्सेस स्कूटी कीमत 90,000 रुपये तथा चार नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन 20,500 रुपए एवं नगदी रकम 5400 रुपए कुल 3 लाख 79 हजार 150 रुपए को जब्त कर बागबाहरा थाने में धारा 20बी व धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# डीजे डांस स्पर्धा में 40 टीम के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**नगरी।** ग्राम कर्राघाटी में माघी पुन्नी मेला मड़ई के अवसर पर कला और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। युवा समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आई 40 टीम के कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का मनमोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम व विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच राजेश कोर्राम, धनेश कुंजाम, अश्वन कुंजाम थे। प्रमोद कुंजाम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य कला को निखारने के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता एक सर्वोत्तम मंच है। जब कलाकार सामूहिक, एकल या युगल नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देते हैं, तो दर्शक दीर्घा से गूंजने वाली तालियों की गड़गड़ाहट ही उनका सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। हमारे क्षेत्र के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है, बस उन्हें सही मंच की तलाश रहती है। एकल डांस में प्रथम नंदनी नेताम दुगली, द्वितीय जान्हवी बलौदाबाजार, तृतीय संगीता कांकेर, युगल डांस में दिनेश रवीना बालोद, द्वितीय त्रिवेणी संगम धमतरी, तृतीय राजनंदिनी कोंडागांव और सामूहिक डांस में प्रथम आरएन सम्हर बागबहारा, द्वितीय स्वरागिनी रतनपुर, तृतीय जय महामाया धमतरी, चतुर्थ नित्या डांस ग्रुप दुर्ग ने जीता। विजेता प्रतिभागियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया।

## विद्युत विभाग का रजत महोत्सव आज

**कुरुद।** विद्युत विभाग की ओर से रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छग शासन के ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जानकारी प्रदन की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरुद करेंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत होंगी।

**कार्यालय प्राचार्य, गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, भाटापारा**
**जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा पिन- 493118**
नैक द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालय : ग्रेड 'बी' सीजीपीए 2.48
College Code 1210
Phone No-07726-299484 Email-principalgovtlawcollege@gmail.com

क्रमांक/479/स्था. /2026 —:: विज्ञापन ::— भाटापारा, दिनांकः 04/02/2026

कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज संस्थान न्यास जिला बलौदाबाजार भाटापारा का आदेश क्रमांक 250159648366 दिनांक 05.01.2026 के द्वारा गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा (छ.ग.) में D.M.F. मद से अस्थायी रूप से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 01 पद, भृत्य के 02 पदों की पूर्ति किया जाना है, जिसके लिये दिनांक 13/02/2026 को महाविद्यालय में साक्षात्कार आयोजित है।

**टीप :-** 01. शैक्षणिक योग्यता छ. ग. शासन के नियमानुसार। 02. अभ्यर्थी /आवेदक को जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 03. D.M.F. मद से कार्यालय कलेक्टर बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा निर्धारित मानदेय।

**आवेदन करने की प्रक्रिया तथा अन्तिम तिथि :-** उक्त पदों हेतु आवेदन महाविद्यालय कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालयीन समय में दिनांक 11/02/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

(डॉ. रीता दीवान)
प्राचार्य







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर - 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मदनी - 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# महिला सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम के लिए महिला टीम शक्ति का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, उनके विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करना और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है। इसके लिए महिला टीम शक्ति द्वारा स्कूल, कॉलेज एवं छात्रावास एवं अन्य स्थलों में पेट्रोलिंग कर महिलाओं व बालिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से तथा समाधान शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी शिकायतों को दर्ज करने और उसके निराकरण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में 4 फरवरी को दोपहर 2 बजे टीम शक्ति की मोटरसाइकिल रैली को बलौदाबाजार में हरी झंडी दिखाकर पुलिस अधीक्षक एवं वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा रवाना किया गया।महिला टीम शक्ति द्वारा मेला, मड़ई, साप्ताहिक बाजार में शिविर लगाकर महिला सुरक्षा पर कार्यक्रम कराकर ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं तथा बालिकाओं को घरेलू हिंसा, गुड-टच, बैड-टच, बाल अपराध, बालश्रम, बाल तस्करी, बेटी बचाओ-बेटी पढाओं, सायबर अपराधों से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, सेल्फ-डिफेंस जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, छेड़छाड़, हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में सहायता हेतु समाधान हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

**पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**





## समस्या : बाइक पर तीन सवार और नाबालिग चला रहे वाहन

# क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रही तेज रफ्तार वाहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अंचल में यातायात व्यवस्था बुरी तरह बदहाल हो गई है। नियम कानूनों का खुलेआम, दिन दहाड़े उल्लंघन वाहन चालकों द्वारा किसी भी सड़क पर कभी भी देखा जा सकता है। अर्जुनी के मुख्य मार्ग शासकीय हाई स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित कई स्थानों पर स्टंटबाजों का कहर देखने को मिल रहा है। गांव के भीतर की सड़कों पर भी आ म ज न सुरक्षित नहीं है।

- यातायात नियमों की अनदेखी बन रही सड़क हादसों की बड़ी वजह

बीते दिनों भाटापारा-बलौदाबाजार पहुंच मार्ग के दो स्थानों पर जिसमें टोनाटार व मिरगी मार्ग में दो स्पीड ब्रेकर बनाया गया, लेकिन इनका भी पालन पूरी तरह से अनेक वाहन चालक नहीं करते। शासकीय कार्यालय जैसे प्रमुख स्थानों के सामने से मनमाने तरीके से वाहन चलाते युवा फर्राटा गति से वाहन दौड़ते रहते हैं। अनेक बाइक चालकों ने उनकी बाइक के साइलेंसर खोल कर इंजन की आवाज तेज कराई है।

गांव में एक प्रकार से यह फैशन बनता जा रहा है। साथ ही वाहनों में चारपहिया जैसे हार्न एवं इंजन की तेज आवाज करते वाहन प्रमुख कार्यालयों, स्कूलों के पास से बेखौफ गुजरते रहते हैं, लेकिन विडंबना की बात है कि ऐसे एक भी वाहन चालक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।





### अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ रहा खतरा

दोपहिया वाहन चलाने के दौरान कान से मोबाइल चिपका कर बात करना, नाबालिगों को बाइक, स्कूटी, आटो कई बार कार आदि वाहन तक चलाते देखा जा सकता है। बाइक पर तीन सवारी मानो आम हो गई है। ऐसे वाहन चालक आसानी से देखे जा सकते हैं। दूसरी ओर कहीं भी मनमाने तरीके से वाहन खड़े करना, सवारी इलेक्ट्रॉनिक ऑटो चालकों द्वारा जहां हाथ दिया वहीं बीच सड़क पर अचानक वाहन रोकना राहगीरों की आए दिन की मुसीबत बन रहा है। चार पहिया वाहनों की बात करें तो ट्रैक्टर एवं सभी प्रकार के मालवाहक, यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस के वाहन देखे जा सकते हैं। इनका खमियाजा होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के रूप में लोगों को भुगतना पड़ता है। कई दुर्घटना के उपरांत प्रबुद्ध जन मांग करते देखे जा रहे हैं कि मुख्य मार्ग पर स्पीड लिमिट निर्धारित की जाए।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की कार्रवाई की अपील

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने से हादसों पर रोक लगेगी एवं लोग सड़क पर खुद को बहुत तक सुरक्षित समझेंगे। भरी ट्राली रोड के दोनों तरफ खड़ी कर दी जाती हैं। वह इनकी न लाइट जलाकर जाते हैं, न ही इनके पीछे रेडियम पट्टी, स्टीकर आदि होते हैं। इससे अंधेर में कोई भी बड़ी घटनाओं के होने की आशंका बनी रहती है। ग्राम एवं आसपास के लोगों का थाना प्रभारी से निवेदन है कि अर्जुनी रोड के दोनों तरफ वाहन खड़े करने वालों को समझाइश दे। पूर्व में ही गिट्टी से भरे ट्राली ने एक वाहन चालक को ठोकर मार गाड़ी बीच रोड खड़ा कर फरार हो गया, जिसमें हताहत युवक का मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। कोई बड़ी दुर्घटना होने के पहले सड़क के दोनों तरफ अंधेरे में खड़े हुए ट्रेक्टरों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने इस पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# मोहरा में बह रही राम गंगा की अविरल धारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत मोहरा में आयोजित पांच दिवसीय रामायण महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। नर्मदेश्वर महादेव महिला समिति के तत्वावधान में चल रहे इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

राम कथा के दौरान श्रीराम के वनगमन, भरत मिलाप एवं भक्त शबरी प्रसंग का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। पूरे पंडाल में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। महिला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया है।

श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भजन-कीर्तन की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने बताया कि यह रामायण महोत्सव 5 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वाचन किया जा रहा है। ग्रामवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की अवधि बढ़ाना सरकार का संवेदनशील निर्णय



**पलारी।** अंचल के भाजपा युवा मोर्चा पलारी के राहुल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी सोच को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धान खरीदी की अवधि 5 और 6 फरवरी करना किसानों के प्रति संवेदनशील निर्णय है। इस वर्ष कुछ किसान का पंजीयन छूट गया था या रकबा जोड़ने में विलंब हुआ था और कुछ कारणों से जो वंचित रह गये थे उनके धान के एक एक दाना को सरकार खरीदेगी।

### रमेश बने मछुआरा संघ रायपुर के संभाग प्रभारी



**पलारी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से पलारी निवासी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता रमेश धीवर को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए रायपुर संभाग के मछुआरा संघ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उनके मछुआरा संघ के संभाग प्रभारी बनाए जाने पर वरिष्ठ नेता योगेश चंद्राकर, बिपिन बिहारी वर्मा, यशवर्धन मोनू वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, पवन वर्मा, अमित वर्मा, नेतरंजन निर्मलकर, तुलसी डहरिया आदि ने हर्ष प्रकट किया है।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 9 से 13 फरवरी तक



**खरोरा।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर महाराजा अग्रसेन वार्ड में मंदिर के प्रथम पाटोत्सव पर 9 से 13 फरवरी तक श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ अनुष्ठान एवं श्री नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण रहेगा। आयोजन की शुरुआत 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे मंगल कलश यात्रा से होगी। इसी दिन दोपहर 12 बजे देव आह्वान, अपराह्न 3 बजे अग्नि स्थापना एवं सायं 5 बजे आरती संपन्न होगी। 10 से 12 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे नंदी पूजन एवं पाठ, दोपहर 3 बजे यज्ञ तथा सायं 5 बजे आरती का कार्यक्रम निर्धारित है। समापन दिवस 13 फरवरी को प्रातः 9 बजे पूजन व हवन, प्रातः 11 बजे महाभिषेक, दोपहर 12 बजे नर्मदेश्वर महादेव स्थापना तथा दोपहर 2 बजे पूर्णाहुति, भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञाचार्य पं. धनंजय शर्मा के सानिध्य में संपन्न होने वाले इस आयोजन में सकल नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। आयोजन का स्थान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर खरोरा रहेगा।

### सिरपुर में 11 दिवसीय रुद्रात्मक यज्ञ आज से

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित यज्ञशाला में महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 दिवसीय श्रीअति रुद्रात्मक महायज्ञ का आयोजन 5 फरवरी से 15 फरवरी तक किया गया है, यज्ञाचार्य पं. बलदेव प्रसाद शास्त्री होंगे। उक्त जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के अध्यक्ष थनवार यादव ने बताया कि लगातार 68वें वर्ष यह यज्ञ होने जा रहा है। 5 फरवरी को प्रायश्चित प्रयोग, दसविधि स्नान, जलयात्रा, पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश से यज्ञ प्रारंभ होगा।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स, हिरमी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्रामवासियों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर उपचार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीण विकास सेंटर, हिरमी में आयोजित हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से आए 200 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर का संचालन प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से सायं 5.30 बजे तक किया गया। शिव आरोग्य प्राकृतिक चिकित्सा सेवा संस्थान, रायसिंह नगर, राजस्थान से डॉ. गुलाबराम एम.डी. एक्यूप्रेशर द्वारा मरीजों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

शिविर में सर्वाइकल, माइग्रेन, पीठ व जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, सायटिका, फ्रोजन शोल्डर, हाथ-पैर में झनझनाहट, चक्कर, गैस, कब्ज, एसिडिटी, बवासीर, थायराइड, शुगर, बीपी, मोटापा एवं सांस संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न दीर्घकालिक रोगों का प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया गया। ग्रामीणों ने शिविर को अत्यंत लाभकारी बताते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी क्षेत्रीय समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका संवर्धन के लिए ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए विशाखापट्टनम रवाना हुआ छात्रों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी ने मंगलवार को स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु विशाखापट्टनम जाने के लिये बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मिशन समन्वयक नरेन्द वर्मा ने बताया कि माध्यमिक स्तर अंतर्गत पीएम श्री शालाओं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अध्ययनरत 6 विद्यार्थियों, 6 शिक्षक- शिक्षिकाओं, पीएम श्री के जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 20 विद्यार्थियों, 2 शिक्षक-शिक्षिकाएं शैक्षणिक भ्रमण हेतु विशाखापट्टनम के लिये रवाना हुए।



# जी-राम-जी योजना में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं अध्यक्ष भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



जिले के ग्रापं मल्दा (ब) में जी-राम-जी योजना के अंतर्गत चल रहे 30 - 40 मॉडल कार्यस्थल का निरीक्षण करने जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्य में लगे श्रमिकों से सीधे संवाद कर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पांडे ने कहा कि - जी-राम-जी योजना, मनरेगा का उन्नत रूप है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना में मानक आबंटन के साथ राज्य का अतिरिक्त बोझ 60-40 के अनुपात में वहन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक विकास कार्य संभव हो सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजना के अंतर्गत अधिसूचित अवधि में कार्य नहीं कराया जाता, जिससे श्रमिकों को मौसम और प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुसार सुरक्षित व उपयुक्त समय पर काम मिल सके। जिपं अध्यक्ष ने बताया कि जी-राम-जी योजना का मुख्य उद्देश्य जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर), आजीविका सृजन तथा आपदा प्रबंधन को मजबूत करना है। इससे न केवल ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, बल्कि गांवों का सतत विकास भी सुनिश्चित होगा। कार्यस्थल पर मौजूद श्रमिकों ने योजना को लेकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है, जिससे पलायन पर भी रोक लगेगी। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर ग्राम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का जीरो पेंशन से जीवन निर्वाह संकट में : डॉ. कोमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा और उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि एल बी संवर्ग के शिक्षकों का जीरो पेंशन में सेवानिवृत्त होना बेहद चिंताजनक और दुखद स्थिति है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पूर्ण पेंशन शिक्षकों का सबसे बड़ा मुख्य और ज्वलंत मुद्दा बन चुका है, जिसे नजर अंदाज करना सेवानिवृत्त शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तोमर डोंडे, महासचिव तेज कुमार वैष्णव, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, दीपक सारंग, जिला सचिव चूड़ामणि साहू, महेंद्र वैष्णव, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, जिला संगठन मंत्री जनी राम साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि 1998 से नियुक्त शिक्षक आज भी पुरानी पेंशन से वंचित है। 1998 और 2005 में नियुक्त शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



उन्होंने बताया कि संविलियन पश्चात 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षक ही न्यूनतम पेंशन के दायरे में आते हैं, जिसके चलते 2018 में संविलियन हुए हजारों शिक्षक 2028 तक जीरो पेंशन में सेवानिवृत्त हो जाएंगे, यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है। आज ऐसे शिक्षक देखने को मिल रहे हैं जिन्होंने 60000, 70000 और 90000 रुपये तक अंतिम वेतन प्राप्त किया, लेकिन इसके बावजूद वे शून्य पेंशन में सेवानिवृत्त हुए इससे न केवल शिक्षकों की स्थिति बदतर हो रही है।

## प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल में हुआ माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# माताओं को शासन की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान प में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने सकारात्मकता और उल्लास के साथ अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या संख्या में माताएं उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार द्वारा ग्राम प्रमुख एवं माताओं के सम्मुख शासन की समस्त योजनाओं का साथ ही विभिन्न छात्र-छात्राओं हितार्थ गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। माताओं ने विभिन्न प्रकार के खेल के माध्यम से विषयों को सीखा और समझा। ज्ञात हो कि माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम शासन द्वारा उठाया गया माताओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम है, जो माताओं को पूर्ण रूप से विद्यार्थी की बुद्धिलब्धि, कुशलता साथ ही कमजोरियों एवम विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराने का माध्यम बन गया है। विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं का आभार प्रकट किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय संस्था प्रमुख देवकी ध्रुव प्राथमिक विद्यालय संस्था प्रमुख किरण ठाकुर, अनिता रात्रे मास्टर ट्रेनर, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा उपस्थित थे।



